फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

शिवलाल बनाम शिवचरण वगै0 वगै0

किस्म मुकदमा–दावा तकास्मा मु0नं0– 70/2024

पीठासीन अधिकारी– डॉ0 नवनीत कुमार (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.02.2026	पत्रावली वास्ते निर्णय विभाजन प्रस्ताव हेतु पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। वादी अधिवक्ता द्वारा दौराने बहस निवेदन किया गया है कि तहसीलदार सिकराय द्वारा तैयार विभाजन प्रस्ताव नियमानुसार एवं सही है जिनसे वादी पूर्णत सहमत है, इसलिए विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाकर वादपत्र में अंतिम डिक्री पारित की जावे। बहस वादी अधिवक्ता का मनन किया गया, पत्रावली एवं विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। तहसीलदार सिकराय द्वारा प्रकरण में पत्रांक भू0अ0/2025/3514 दिनांक 23.12.2025 द्वारा विभाजन प्रस्ताव पेश किए गए है जो कि दिनांक 10.12.2025 को तैयार किए गए हैं। बहस वादी अधिवक्ता एवं विभाजन प्रस्ताव के अवलोकन से तहसीलदार द्वारा पेश विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। अत तहसीदार सिकराय द्वारा पत्रांक भू0अ0/2025/3514 दिनांक 23.12.2025 द्वारा पेश विभाजन प्रस्ताव स्वीकार कर दावा वादी अंतिम डिक्री किया जाता है। तहसीलदार सिकराय विभाजन प्रस्ताव अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करें। उपरोक्तानुसार अंतिम डिक्री जारी हो। तहसीलदार सिकराय को पालना तहरीर जारी हो। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा	